






## एक नजर में

### मंदसौर पुलिस की जनसुनवाई में 28 शिकायतों का त्वरित निराकरण



**मंदसौर।** जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में मंगलवार को आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने स्वयं उपस्थित रहकर कुल 28 आवेदकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति तथा एसडीओपी गरोठ विजय यादव भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित अनुभागों के आवेदनों पर शीघ्र एवं विधिसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है, ताकि शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण हो सके।

### भैसोदा मंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ट्रक से 120 पेटी अवैध शराब जब्त



**मंदसौर।** जिले में अवैध शराब परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी भैसोदामंडी थाना भानपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर टीम ने टाटा आयशर ट्रक (क्रमांक ङ्कक्क 1ष्ट3743) को रोककर जांच की, जिसमें त्रिपाल के अंदर विशेष तरीके से छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। ट्रक से कुल 120 पेटियों में 1036.8 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 4.92 लाख रुपये बताई गई है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त ट्रक (कीमत करीब 20 लाख रुपये), दो मोबाइल फोन और वाहन से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए। इस कार्रवाई में हरियाणा निवासी आरोपी राजू (53) और पसवींदर (30) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बलवीर सिंह यादव सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जिले में नशे के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मप्र ने प्रस्तुत किया संतुलित विकास का आदर्श उदाहरण : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

### जीडीपी में 11.14% वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय 1,69,050 रुपये पहुँची

**मंदसौर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश ने दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के साथ संतुलित और समावेशी विकास का आदर्श प्रस्तुत किया है। विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (त्रस्ठक्क) वर्ष 2025-26 में प्रचलित भाव पर 16,69,750 करोड़ रुपये आँका गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.14 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। स्थिर भाव पर यह वृद्धि 8.04 प्रतिशत रही है।**



उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2011-12 के 38,497 रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 1,69,050 रुपये हो गई है, जो जीवन स्तर में सुधार का संकेत है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों का संतुलित विकास हुआ है। प्राथमिक क्षेत्र में 7.31 प्रतिशत वृद्धि के साथ कृषि, पशुधन व मत्स्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि द्वितीयक क्षेत्र में 9.93 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। तृतीयक क्षेत्र में सर्वाधिक 15.80 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है।

उन्होंने बताया कि औद्योगिक विकास के तहत 1,028 इकाइयों को भूमि आवंटन से 1.17 लाख करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 1.7 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य में 1,723 स्टार्टअप सक्रिय हैं। पर्यटन क्षेत्र में 13.18 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया है।

वित्तीय अनुशासन का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में 618 करोड़ रुपये का राजस्व आधिक्य और 13.57 प्रतिशत कर राजस्व वृद्धि दर्ज हुई है। नगरीय विकास के अंतर्गत अमृत 2.0 योजना में 4,065 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 8.75 लाख आवास पूर्ण हुए हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में 34,112 करोड़ रुपये व्यय किए गए और नवंबर 2025 तक 4.42 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी हुए। शिक्षा क्षेत्र में 10.37 प्रतिशत बजट आवंटन के साथ कक्षा 1 से 5 तक ड्रॉपआउट दर शून्य और 6 से 8 तक घटकर 6.3 प्रतिशत रह गई है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



## जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 51 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 51 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। बोहराखेड़ी निवासी रमेश ने भूमि का सिमाकंन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी कारीबाई ने बकाया संपत्त? कर जमा करने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर सीएमओ नगर पालिका मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। थड़ोद निवासी रामनारायण ने खेत में गंदे पानी के निदान के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मल?हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।




## नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा का मंदसौर आगमन, भाजपा कार्यालय में बैठकें संपन्न

**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देशानुसार नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा का जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर में प्रथम आगमन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक सिसौदिया सहित वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।बैठक में दिलीप सकलेचा ने कहा कि मंदसौर जिला संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा का सशक्त केंद्र रहा है और यहां की कार्यशैली पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति के अनुरूप आचरण रखने तथा बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

सांसद सुधीर गुप्ता ने सकलेचा को अनुभवी एवं मजबूत संगठनकर्ता बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा जिले में और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिले की संगठनात्मक संरचना से अवगत कराते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा कई मंडलों द्वारा समर्पण निधि भी जमा कराई गई।

**एक नजर** | भारत के कई राज्यों में 45वां विश्व नियुद्ध खेल स्थापना दिवस मनाया गया

## खिलाड़ियों को स्थापना दिवस पर मिला सम्मान

**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नियुद्ध के 45वें स्थापना दिवस एवं महाशिवरात्रि, 2026 के अवसर पर मन्दसौर नगर में स्थित नियुद्ध खेल के विश्व मुख्यालय नियुद्ध गुरूकुल द्वारा आयोजित नियुद्ध के जनक आदि गुरु नियुद्धाचार्य भगवान शिव के पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सिसोदिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश सिसोदिया, नियुद्ध फेडरेशन ऑफ इण्डिया के सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव, जनता कॉलोनी वार्ड पार्षद प्रीतम पंचोली, पूर्व पार्षद सुरेश भावसार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियुद्ध गुरूकुल के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने की। इस अवसर पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक नियुद्धाचार्य डॉ नरेन्द्र श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस अवसर पर नियुद्ध गुरू अजय सिंह चौहान द्वारा भगवान शिव जी के पार्थिव शिवलिंग को अपने हाथों से निर्मित किया गया। नियुद्ध के आदिगुरू भगवान श्री शिवजी के उक्त पार्थिव शिवलिंग की पूजा अर्चना नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी नियोद्धाओं द्वारा की गई। भारत के कई राज्यों में भी 45वां विश्व नियुद्ध खेल स्थापना दिवस अपने-अपने क्षेत्र में मनाया गया।

विश्व मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रकाश सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि नियुद्ध खेल के खिलाडी नियुद्ध के साथ मार्शल आर्ट की और अन्य विधाओं में भी भाग लेते है तथा शूटिंग और ताइक्वांडो खेल में मंदसौर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जा रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि नियुद्ध भारत की प्राचीन लडने की कला है जिसकी उत्पत्ति भगवान श्री शिवजी के ताण्डव से हुई है। युगो पुरानी भारतीय पद्धति से सिखाई जाने वाली यह कला निरंतर संपूर्ण राष्ट्र और विश्व में खेल के रूप में अपने कदम जमाती जा रही है जिससे आने वाले समय में नियुद्ध कला से कई खिलाड़ी और युवा अपने भविष्य को सुरक्षित कर पाएंगे।

इस अवसर पर नियुद्ध के खिलाड़ियों द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हिन्दी भाषा का वर्ण क्रम एवं नियुद्ध धराशमन का शानदार प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी अतिथियों व नियुद्ध गुरूओं को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उत्तीर्ण 60 खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

नियुद्ध खेल स्थापना दिवस पर नियुद्ध गुरुकुल के 20 खिलाड़ियों को उनकी विभिन्न खेल जैसे ताइक्वांडो, जूडो, एयर गन शूटिंग में प्राप्त उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया गया। पैराशूटिंग ऑल ओवर इंडिया में 12 वा स्थान धारक रानी टांक, इजिप्ट में होने वाले राइफल शूटिंग जूनियर वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी श्रीवाली श्रीवास्तव एवं मनित्व सिंह रावत के पालको को स्मृति चिन्ह यादगार के रूप में दिया गया।

# नीमच


## एक नजर में

### चौरसिया महिला मण्डल ने मनाया फाग उत्सव



**नीमच।** चौरसिया महिला मण्डल नीमच द्वारा होली के शुभ आगमन पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए चौरसिया महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्य डॉ. माधुरी चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नागेश्वर धाम पर फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ को महिलाओं द्वारा एक निर्मित भोजन सामग्री से 56 भोग अर्पित किए गये। तत्पश्चात् ढ़ोलक की थाप एवं घुंघरूओं के मधुर संगीत द्वारा भजनों का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोलेनाथ, श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं माँ दुर्गा की स्तुति की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा मधुर भजनों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर महिला मण्डल अध्यक्ष अनिता, सचिव विनिता, कोषाध्यक्ष प्रियंका, उपाध्यक्ष शिखा, सहसचिव उषा, वरिष्ठ सलाहकार चंदा, कुसुम, शोभा, किरण, सुषमा, सुनीता, पूर्व अध्यक्ष मीना सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कल्पना एवं आभार प्रीति चौरसिया ने माना।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शुरू, नीमच में छात्रों का स्वागत



**नीमच।** जिले में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन मंगलवार को 10वीं कक्षा का गणित का पेपर आयोजित किया गया। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सुबह केंद्रों पर पहुंचे परीक्षार्थियों का शिक्षकों ने तिलक लगाकर, फूल भेंट कर और 'गुड लक' संदेशों के साथ स्वागत किया। केंद्रों पर रंग-बिरंगे गुब्बारे और प्रेरक स्लोगन भी लगाए गए थे, जो विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा रहे थे। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई, जिसके लिए विद्यार्थी 9 बजे से ही केंद्रों पर जुटने लगे थे। जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए 8 केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। नीमच जिले में सीबीएसई के कुल 2181 विद्यार्थी हैं, जिनमें 10वीं के 1239 और 12वीं के 942 शामिल हैं। परीक्षा से पहले शिक्षकों ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और शांत मन से प्रश्नपत्र हल करने की रणनीति पर मार्गदर्शन भी दिया था।

## साहब, मुझे आत्मदाह की अनुमति दे दीजिए

**जनसुनवाई में फूटा किसान का दर्द, कागज़ों की माला पहनकर पहुंचा बुजुर्ग दंपति**

**नीमच।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई उस समय सुर्खियों में आ गई, जब ग्राम भोलियावास निवासी किसान मोहनलाल बागरी अपनी पत्नी के साथ गले में दर्जनों ज्ञापनों की माला पहनकर और हाथ में मुझे आत्मदाह की अनुमति प्रदान करें लिखी तख्ती लेकर पहुंचे। दंपति का यह भावुक और आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन देख कार्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**जमीन हड़पने का आरोप**-किसान मोहनलाल ने आरोप लगाया कि गांव के ही तीन व्यक्तियों रामगोपाल धाकड़, हंसराज चंद्रवंशी और मनोहरलाल धाकड़ ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर उनकी कृषि भूमि हड़प ली। उनके अनुसार सर्वे नंबर 294, कुल 0.37 हेक्टेयर भूमि वर्ष 2011 से उनके कब्जे में थी।




मोहनलाल का कहना है कि 18 नवंबर 2024 को आरोपियों ने ऑनलाइन केवाईसी और भू-अधिकार पुस्तिका बनवाने का झांसा देकर उनसे आधार कार्ड और जमीन के दस्तावेज ले लिए। अगले दिन उन्हें कलेक्टर कार्यालय बुलाया गया, जहां कथित रूप से धोखे में रखकर कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और अंगूठा निशान करवा लिए गए।

**70-80 लाख की भूमि का हस्तांतरण**-कुछ समय बाद उन्हें जानकारी मिली कि उनकी 0.12 हेक्टेयर भूमि, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 70 से 80 लाख रुपये बताई जा रही है, आरोपियों के नाम दर्ज हो चुकी है। किसान का आरोप है कि उन्हें किसी प्रकार का प्रतिफल नहीं दिया गया। विरोध करने पर कथित रूप से उन्हें धमकी दी गई।

**बार-बार शिकायत, फिर भी समाधान नहीं**-मोहनलाल ने बताया कि उन्होंने कई बार स्थानीय पटवारी, तहसील कार्यालय और संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतों के लंबित रहने और समाधान न मिलने से वे और उनकी पत्नी मानसिक रूप से आहत हैं। इसी पीड़ा और निराशा में दंपति ने ज्ञापनों की माला पहनकर आत्मदाह की अनुमति मांगने जैसा कठोर कदम उठाया।

**प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश**

जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए दंपति को शांत कराया और उनकी शिकायत को गंभीरता से दर्ज किया। प्रशासन ने मामले का दस्तावेजीकरण कर उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। संबंधित तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन की ओर से पीड़ित के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



## बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपटी

**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अपराधियों ने पुलिस व्यवस्था को चुनौती दे दी। जवाहर नगर में दोपहर करीब 3 बजे तीन बाइक सवार बदमाशों ने 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला लीला देवी के गले से दो तोले की सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लीला देवी पति कैलाश चंद्र आगार अपने परिजन के घर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन युवक अचानक उनके पास पहुंचे और झपट्टा मारकर चेन खींच ली। वारदात इतनी तेजी से हुई कि महिला संभल भी नहीं पाई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। दहशत और आक्रोश का माहौल देखा गया।

सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश तेज कर दी गई है।

**एक नजर** | कई गुमटियों वाले शाम को शराब व मांस की बिक्री करते है

## गाँधी नगर में नाले के किनारे अवैध कब्जा कर ग्रीन बेल्ट को किया जा रहा खत्म

**नीमच। नगर के गाँधी नगर में नाले के किनारे आजकल अवैध गुमटीयो की भरमार सी हो गयी है आये दिन एक नई गुमटी तयार हो जाती है पहले यह गुमटीया शोरूम चौराहा से गुप्ता हॉस्पिटल की पुलिया तक थी रोड के चोडी करण के कारण इन गुमटीयो को नाले के किनारे शिफ्ट कर दिया गया था तब से इनकी संख्या बढ़ती जा रही है।**







इन गुमटीयो में ज्यादातर लोग की तीन से चार गुमटीयो पर कब्जा कर रखा है अपने अधिकार हेतू इसमें से कई गुमटीया वाले शाम होते ही शराब व मांस की बिक्री करते है कई जुवारी लोग भी आकर जुआ खेलते है जिससे आसपास के रहवासी काफ़ी हद तक परेशान है अवैध रेत के डंपर व ट्रेक्टर बिना नंबर के छोटे छोटे बच्चे इनको चलाते है पास में ही लाइब्रेरी हॉस्पिटल है जहाँ पर छोटे बच्चे व मरीज होते है जिससे हर समय हादसा की आशंका बनी रहती है नाले के किनारे पर रहने पर आये दिन जंगली जानवर व नाले में बाढ़ आने पर सदैव अनहोनी की आशंका बनी रहती है फिर भी यह लोग यहाँ से हटने को तयार नही है जिले के नगर पालिका के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को इस समस्या से अवगत करवाया पर अभी तक कोइ ठोस कार्रवाई नही हुइ है गांधी नगर व आसपास के रहवासी काफ़ी परेशान है।

**इनका कहना है**

मेने इन गुमटीयो व अवैध घरों को हटाने हेतू पूर्व सीएमओ व अध्यक्ष को कई बार पत्र लिखा है हमने लाखो रूपये से सीसी रोड को बनाया पर अवैध व भारी रेत के डंपर के कारण वह भी खराब हो जायेगा। आप के माध्यम से दुबारा प्रयास कर इनको हटाने का प्रयास करता हूँ।

**- योगेश प्रजापति वार्ड पार्षद**

नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया से बात करने का प्रयास किया पर उन्होने फोन नहीं उठाया।